परियोजना का नाम–जनपद अल्मोड़ा में जागेश्वर के अर्न्तगत चेलछीना बाजार से प्राथमिक पाठशाला चुपड़ा तक मोटर मार्ग। लम्बाई– 3.00कि0मी0

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित छाजा–फटक्वाल डुंगरा मोटर मार्ग के प्रथम कि0मी0 (चैनेज 0/12) से यह मार्ग प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0 774/।।।(2)/06–13(प्रा0आ0)/06 दि0 28.03.2006 के द्वारा 3.00कि0मी की लम्बाई हेतु रू 53.40 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। यह प्रस्तावित मोटर मार्ग आरक्षित, वन पंचायत, सिविल बेनाप भूमि व नाप भूमि से होकर गुजरता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से टिकर व चुपड़ा आदि ग्रामों के ग्रामवासी लाभान्वित होगे। इन ग्रामों में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई कि0मी0 तक पैदल चलकर स्थानीय लोग रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करते है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुॅचाने व यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। इन ग्रामों मे कोई मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे।

**संरेखण न0–1(लाल रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में आरक्षित, वन पंचायत, सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस संरेखण में ग्राम– टिकर, चुपड़ा के ग्रामवासी लाभान्वित होते हैं। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 3.00 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0–2(नीले रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में नीले रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में आरक्षित, वन पंचायत, सिविल वन भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस संरेखण में ग्राम– टिकर, चुपड़ा के ग्रामवासी लाभान्वित होते हैं। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 3.50 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में नाप भूमि व वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है। जिसे मोटर मार्ग हेतु दिये जाने में स्थानीय जनता द्वारा आपत्ति की जा रही है। एवं संरेखन में अधिक वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जिस कारण संरेखण सं0 2 को निरस्त किया गया।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तद्नुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन | कनिष्ट अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0, |
| अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा | अल्मोड़ा |